अमर उजाला

04.12.2018

आईआईटी के 66 छात्रों को नौकरी

बीएचयू में कैंपस प्लेसमेंट के तीसरे दिन सर्वाधिक 25.91 लाख का पैकेज

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू में चल रहे कैंपस प्लेसमेंट के तीसरे दिन सोमवार को 14 कंपनियों में कुल 66 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। आर्य भट्ट छात्रावास में चल रही प्लेसमेंट प्रक्रिया में सोमवार को सबसे अधिक 25.91 लाख रुपये का पैकेज आफर मिला, जबकि न्यूनतम पैकेज आठ लाख रुपये सालाना रहा।

एक दिसंबर से शुरू हुई कैंपस प्लेसमेंट की प्रक्रिया को लेकर इस साल 1,151 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया है। पहले दिन 165, दूसरे दिन 144 और तीसरे दिन 66 छात्र-छात्राओं का चयन अलग-अलग पदों पर हुआ। दो चरणों में चल रहे प्लेसमेंट का पहला चरण सुबह आठ से शाम तीन बजे तक, दूसरा चरण शाम पांच से रात 12 बजे तक चल रहा है। दूसरे चरण के साक्षात्कार का परिणाम मंगलवार को जारी होगा। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की देखरेख में सोमवार को टेस्को, टीसीएस, मंत्रा, फिडेल्टी

बीएचयू में सोमवार को कैंपस प्लेसमेंट के दौरान छात्र। अमर उजाला

आर्यभट्ट छात्रावास में कई कंपनियां कर रहीं हैं चयन

इनवेस्टमेंट, ओयो रूम, फ्लिपकार्ट, टाइम्स इंटरनेट, रिलायंस जिओ, सिनाप्सिस, मारुति आदि कंपनियों के प्रतिनिधियों ने आनलाइन टेस्ट, साक्षात्कार कर छात्रों का चयन किया।

प्लेसमेंट सेल के प्रोफेसर इंचार्ज की ओर से जारी परिणाम के अनुसार सोमवार को आठ लाख से लेकर 25.91 लाख रुपये तक का पैकेज दिया गया। अब तक 87 कंपनियां आ चुकी हैं, जिसमें 150 छात्र-छात्राओं को ऑफर दिया जा चुका है।